नमूना प्रश्न पत्र

संकलित परीक्षा - 2 (2015-16)

कक्षा दसवीं

पाठ्यक्रम - ब

निर्धारित समय - 3 घंटे | अधिकतम अंक - 90

निर्देश -

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड है - क, ख, ग, व घ ।
2. चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश दीजिए ।

खंड - क

प्र०1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

तुम्हे क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्ही को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता । कैसा भी विश्वास-पात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता । हम अनुभवी लोगो की बातों को आदर के साथ सुनें, बुद्धिमानों की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक माने पर इस बात को निश्चित समझकर कि हमारे कार्यों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा, हमें अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए । जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा । नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर रहेंगे पर इस बात को न देखेंगे कि यह रास्ता कहाँ ले जाता है । चित्त की स्वतंत्रता का मतलब चेष्टा की कठोरता या प्रकृति की उग्रता नहीं है । अपने व्यवहार में कोमल रहो और अपने उददेश्यों को उच्च रखो, इस प्रकार नम्र और उच्चाशय दोनों बनो । अपने मन को कभी मरा हुआ न रखो । जो मनुष्य अपना लक्ष्य जितना ऊपर रखता है, उतना ही उसका तीर ऊपर जाता हैं, इसी चित्त प्रवृति के बल पर मनुष्य परिश्रम के साथ दिन काटता है और दरिद्रता के दुःख को झेलता है । चित्त-वृत्ति के प्रभाव से हम प्रलोभनों का निवारण करके सदा पद-दलित करते है कुमंत्रणाओं का तिरस्कार करते हैं और शुद्ध चरित्र के लोगो से प्रेम और उनकी रक्षा करते हैं ।

प्र०  2x6=12

क) हम जीवन में सही निर्णय किस प्रकार ले सकते है ?

ख) लेखक नीची दृष्टि न रखने कि सलाह क्यों देती है ?

ग) नीची दृष्टि रखने से क्या लाभ है ?

घ) चित्त की स्वतंत्रता किसे कहा गया है ?

ङ) मन को मरा हुआ रखने से क्या आशय है ?

च) चित्त वृत्ति के बल पर मनुष्य सफलता किस प्रकार प्राप्त करता है ?

प्र०2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2x4=8

एक दिन पत्तियों ने कहा था,
डाल?
डाल में क्या है कमाल ?
माना वह झुकी, झूमी होती है
ध्वनि-प्रधान दुनिया में
एक शब्द भी वह कभी बोली हैं,
लेकिन हम हर-हर स्वर करती है,
मर्मर स्वर मर्म भरा भरती है,
नूतन हर वर्ष हुई,
पतझर में झर
बहार-फूट फिर छहरती हैं,
विभाकित-चित्त पंथी का
शाप-ताप हरती है ।

प्रश्न

क) एक दिन पत्तियों ने डाल के विषय में क्या कहा था ?

ख) पत्तियां क्या करती हैं ?

ग) पत्तियां दुनिया को ध्वनि प्रधान क्यों कहती है ?

घ) पत्तियां पथिक के शाप-ताप का हरण कैसे करती है ?

## खंड-ख

प्र०3

क) शब्द पद का रूप कब लेता है ? 1

ख) एक या अनेक अनेक वर्णों से निर्मित स्वतंत्र एवं सार्थक इकाई ______ कहलाती है 1

ग) निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए -

i. क्योंकि दिवाकर साहसी है, इसलिए पराजय स्वीकार नहीं करता । (सरल वाक्य) 1

ii. संगीता अध्यापिका के घर फ्रेंच पढने गई । (मिश्र वाक्य) 1

iii. वह पढाई के साथ-साथ काम भी करता है । (संयुक्त वाक्य) 1

प्र०4

क) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए ।

i. चिंतामग्न 1

ii. पंजाब 1

ख) निम्नलिखित शब्दों को समस्त पद रूप में लिखकर समास का नाम लिखिए ।

i. श्वेत है जो अम्बर 1

ii. व्रक के सामान उदर है जिसका 1

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए -

पुलिस की मार से अच्छे-अच्छों के ____________आ जाते है । 1

प्र०5 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप मे लिखिए -

क)

i. उनकी सौज्यनता से यह काम पूरा हुआ है । 1

ii. सेब स्वास्थ्यपूर्ण फल है । 1

iii. वहां कोई लगभग सौ लोग है । 1

iv. घर पर सब सकुशल है । 1

ख) 'चकरा जाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए । 1

## खंड - ग

प्र०6 निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए -

क) पैक्टिकल आइडियालिस्ट किसे कहते है ? 2

ख) बाजार के चौराहों पर ख़ामोशी क्यों थी ? 2

ग) कबूतर परेशानी में इधर-उधर क्यों फड़फड़ा रहे थे ? 1

प्र०7 बढती हुई आबादी ने पर्यावरण को कैसे प्रभावित किया है ? 5

प्र०8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

उसके अफ़साने सुनकर रॉबिनहुड के कारनामे याद आ जाते हैं। अंग्रेजो के खिलाफ़ उसके दिल में किस कदर नफ़रत है। कोई पांच महीने हुकूमत की होगी। मगर इस पांच महीने में वो अवध के दरबार को अंग्रेजी असर से बिल्कुल पाक कर देने में तक़रीबन कामयाब हो गया था ?

क) इस गद्यांश में किसके अफसानो को रॉबिनहुड के कारनामो के समान बताया है और क्यों ? 2

ख) वजीर अली के अंग्रेजो के विषय में क्या विचार थे ? 2

ग) वजीर अली का मकसद क्या था ? 1

प्र०9

क) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने किन-किन महापुरुषों के माध्यम से संदेश दिया है ? 2

ख) बिहारी के दोहों में तपोवन से क्या तात्पर्य है ? 2

ग) 'स्नेहहीन दीपक' से क्या तात्पर्य है ? 1

प्र०10 'कर चले हम फ़िदा' गीत में "राम भी तुम तुम्ही लक्ष्मण" के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते है ? 5

अथवा

'आत्मत्राण' कविता में कवि को परमात्मा से क्या-क्या अपेक्षाएं नहीं है ?

प्र०11 'टोपी शुक्ला' पाठ के माध्यम से बच्चों को कोमल मनोवृति के किस रूप को उजागर किया गया है ? 5

अथवा

'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बचपन का समय सबसे अच्छा होता है।

## खंड - घ

प्र॰12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - 5

क) स्मार्ट क्लास की उपयोगिता

- छात्रों की अधिक सक्रियता
- विषयवस्तु का अधिगम
- कम से कम समय में अधिक जानकारी
- छात्रों पर प्रभाव

ख) महंगाई की मार

- कारण
- उत्पन्न समस्याएँ
- रोकने के उपाय
- अर्थव्यवस्था का हाल / भविष्य

ग) 'करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान'

- परिश्रम का महत्व
- प्रतिभा का आधार
- अभ्यास का महत्व
- सफलता का रहस्य

प्र॰13 आपका बिजली का मीटर ख़राब पड़ा हुआ था और फिर भी उसका बिल आया। इसी संबंध में बिजली अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

महानगरों में महिलाओं की असुरक्षा के विषय में समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्र॰14 आप इस वर्ष दशहरे के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में मेले का आयोजन करना चाहते हैं इसी से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचना पट्ट के लिए लिखिए। 5

प्र॰15 दो मित्रों के बीच पढाई के बढ़ते बोझ से संबंधित संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

प्र॰16 आप अपने घर को किराये पर देना चाहते हैं। उससे संबंधित विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

नमूना –उत्तर पत्र

संकलित परीक्षा

कक्षा – दशवीं                                   कुल अंक -90

पाठ्यक्रम –ब

खंड – 'क'

उत्तर 1—अपठित गद्यांश                                   2x6 =12

(क) जब हम अनुभवी लोगों की बातों को आदर के साथ सुने,बुधिमानों सलाह को कृतज्ञता पूर्वक मानें

(ख) नीची दृष्टी रखने से मनुष्य न तो उन्नति कर पाता है, और न ही उच्च दिशा की ओर पांव रख पाता है

(ग) नीची दृष्टि का लाभ यह हैं कि इससे मनुष्य सदा सही रास्ते पर चलता है पर साथ –साथ यह भी ध्यान रखना चाहिए कि रास्ते की मंजिल क्या है

(घ) चित्त की स्वतंत्रता से अभिप्राय सही निर्णय लेने में सक्षम होने के साथ व्यवहार में कोमलता व उद्देश्य को उच्च रखना लेकिन प्रकृति में कठोरता या उग्रता नहीं होनी चाहिए

(ड) जब मन उत्साहहीन, निराश, उदास व पराजित महसूस करता है तब उसकी स्थिति मरे समान हो जाता है

(च) चित्त वृति के बल पर मनुष्य परिश्रम करके सभी दुखों को साहस पूर्वक झेल पाता है

उत्तर -2                                   2x4 =8

(क) एक दिन पतियों ने डाल के विषय में कहा था कि डाल में कोई कमाल नहीं है पर सत्य है कि वह झूमती है, झुकती है, डोलती है, किन्तु वह गूँगी है ।

(ख) पत्तियाँ हर –हर व मर्मर स्वर करती है उनके मर्मर स्वर में रहस्य छिपा रहता है । पतझर में झरती है और प्रत्येक वर्ष नूतन रूप धारण करती है ।

(ग ) पत्तियाँ दुनिया को ध्वनि प्रदान इस कारण करती है क्योंकि दुनिया का प्रत्येक मनुष्य पशु –पक्षी, जल, वायु अधिकांश वनस्पति सभी ध्वनि निकालते है ।

(घ) पत्तियाँ ग्रीष्म की मार से थके –हारे पथिक को अपनी सघन छाया प्रदान कर उसके दुःख व कष्ट को हर लेती है ।

## खंड –ख

उत्तर 3

(क) जब शब्द व्याकरण के नियमों से बंधे वाक्य में प्रयुक्त होते है तब पद कहलाते हैं । 1

(ख ) शब्द 1

(ग) (i) दिवाकर साहसी होने के कारण पराजय स्वीकार नहीं करता । 1

(ii) संगीता अध्यापिका के घर गई क्योंकि उसे फ्रेंच पढनी थी । 1

(iii) वह पढाई भी करता है और काम भी करता है । 1

उ. 4

(क) i चिंता में मग्न –(तत्पुरुष समास) 1

ii पांच आनों का समूह (द्विगु समास) 1

(ख) i श्वेताम्बर (कर्मधारय) 1

ii वृकोदर (बहुव्रिहि) 1

(ग) होरा ठिकाने 1

उ.5

(क) i उनके सौजन्य से यह काम पूरा हुआ है। 1

ii सेब स्वास्थ्यवर्धक फल है। 1

iii वहां लगभग सौ लोग हैं। 1

iv घर में सब सकुशल है। 1

(ख) 'कुछ समझ में न आना' (कोई उचित वाक्य) 1

## खण्ड –ग

उ. 6

(क) जो व्यक्ति व्यवहारिक होने के साथ–साथ आदर्श को भी अपने व्यवहार में लाता है। 2

(ख) बाजार के चौराहे पर खामोशी इसलिए थी क्योंकि दुकानदार अपनी दुकानों में खाली बैठे थे, कोई खरीददार भी न था। 2

(ग) अंडे ज़मीन पर टूट कर गिर गए थे। 1

उ.7 **बढ़ती आबादी ने पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ा, ईश्वर ने प्रकृति में सबके लिए जगह बनाई, लेकिन स्वार्थी मनुष्य ने अपने स्वार्थ में सबको भुला दिया, वनों का दोहन, वृक्षों को काट डाला, रेतीले तट पर मानवों की बस्ती बसा ली, वृक्षों को काटकर बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दीं ।** पशु–पक्षियों का बसेरा छीना, वातावरण में वृक्षों की कमी के कारण गर्मी में बढ़ोत्तरी, बेमौसम बरसात, कभी तूफान, कभी आंधियाँ, कही बाढ़ तो कभी सूखा। आजकल भूकंप व भूस्खलन आम बात हो गई। नए–नए रोगों व महामारियों ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया। 5

उ.8

(क) वजीर अली रॉबिन हुड की तरह बहादुर और जाँवाज, दोनों ही अपनी वीरता व साहसिक 2

कारनामों के लिए मशहूर लोगों को इन दोनों में समानता दिखती थी

(ख) वज़ीर अली के मन में अंग्रेजों के खिलाफ नफरत भरी हुई थी, वह अंग्रेजों का घोर विरोधी, उसने सिर्फ पांच महीने शासन किया उसी दौरान अवध के दरवार को अंग्रेजी प्रभाव से मुक्त करवाने का भरपूर प्रयास 2

(ग) वज़ीर अली का मकसद अवध को अंग्रेजों के प्रभाव से मुक्त करवाना था। 1

उ.9

(क) कवि ने दधीचि, कर्ण, राजा उशीनर व रतिदेव जैसे महापुरुषों के उदाहरण 2

(ख) तपोवन में तप किया जाता है, जहाँ परस्पर सदभाव और मित्रता का वातावरण रहता है, कोई शत्रुता का भाव नहीं। 2

(ग) बिना तेल के दीपक अर्थात आकाश में चमचमाते अनेक तारे अथवा इस संसार में रहने वाले असंख्य लोग जिनके हृदय में स्नेह नहीं। 1

उ.10 (कोई एक उत्तर) 5

गीतकार ने प्रजातंत्र प्रणाली को सर्वोपरि बताते हुए जनता के द्वारा, जनता के लिए व जनता से ही राजा (शासक) की चुनाव प्रणाली को महत्व दिया है जहां आम जनता अपनी इच्छा से अपनों के बीच में से ही शासक चुनते हैं जिससे आम जनता की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, वहां राम बनकर हमें ही शासन करना है और भारत रूपी सीता की रक्षा की जिम्मेदारी हर नागरिक की है, कवि ने प्रत्येक नागरिक को उसकी जिम्मेदारी व देशभक्ति का संदेश दिया है।

अथवा

कवि को परमात्मा से यह अपेक्षा नहीं कि ईश्वर उसका भार हल्का करें, वह स्वयं दुखों का निदान ढूंढना चाहता है, वह पौरुष बल को डगमगाने नही देना चाहता वह नहीं चाहता कि ईश्वर हर मार्ग में हर विपत्ति को सरल बना दें विपत्ति में भी उसमें इतनी शक्ति भर दे कि सभी विपत्तियों का सामना कर सके। यदि जीवन संग्राम में धोखा उठाना पड़े तो भी वह हार न माने ।

उ. 11 बच्चे प्यार के भूखे, कोई धर्म, जाति व् भाषा का बंधन नहीं, जहाँ प्यार वहाँ खिचाव, बच्चों को अपनेपन की आशा, भाई –बहनों के वीच झगड़ो द्वारा खींचतान, फेल होने पर मानसिक दबाव, पारिवारिक व् मित्रों से स्नेह व सम्मान की आशा व आवश्यकता । 5

अथवा

बचपन में मौजमस्ती, स्कूल के गृहकार्य पर शरारतें व दोस्तों का साथ, परिवार में बड़ों का प्यार, ननिहाल व ददिहाल से प्रेम, विद्यालय व शिक्षा के नए –नए अनुभव, कोई परिवारिक जिम्मेदारी नहीं ।

( खंड घ )

उत्तर 12 से उत्तर 16 (प्रत्येक उत्तर 5 अंक) 5x5 = 25

प्रारूप – 2 अंक, विषयवस्तु- 2 अंक, भाषा -1 अंक